Seat No. : ______________

# MB-103(H)

**March-2019**

**B.Com., Sem.-III (Repeater)**

**203 : Taxation-I**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (A) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**) **14**

(1) आकस्मिक आय (2) विगत वर्ष

(3) कृषि आय (4) कर वंचन, कर परिवर्जन तथा कर आयोजन

**अथवा**

संक्षेप टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**)

(1) प्रत्यक्ष कर का केन्द्रीय बोर्ड (CBDT)

(2) आयकर/आकलन अधिकारी

(3) विवाद पंच

(4) समाधान आयोग

(B) निम्न प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चयन कीजिए : (कोई **चार**) **4**

(1) विदेशी कंपनी से प्राप्त लाभांश ______ है ।

(a) कर पात्र (b) कर मुक्त

(c) अंशत: कर पात्र (d) कोई नहीं

(2) ______ एक वैधानिक कृत्रिम व्यक्ति है ।

(a) रमेश (b) पटेल एण्ड सन्स

(c) XYZ लिमिटेड (d) कोई नहीं

(3) अवैध व्यवसाय प्रवृत्ति (स्मगलिंग) से अर्जित आय ______ मानी जाती है ।

(a) कर पात्र (b) कर मुक्त

(c) अशत: कर पात्र (d) कोई नहीं

(4) समाधान आयोग (सेटलमेंट कमीशन) में आवेदन करते समय______ शुल्क भरना होता है ।

(a) ₹ 500 (b) ₹ 1000

(c) ₹ 5000 (d) कोई नहीं

(5) कृषि फर्म प्रबंधक को मिलने वाली आय ______ होती है ।

(a) कृषि आय (b) गैर–कृषि आय

(c) आय नहीं (d) कोई नहीं

(6) गैर–कायदेसर कर न भरने के संबंधित पद्धतियाँ ______ कहलाती हैं ।

(a) कर आयोजन (b) कर वंचन

(c) कर परिवर्जन (d) कोई नहीं

2. (a) संजू बाबा एक अमेरिकन नागरिक है । विगत 15 वर्षों से वे नियमित तौर पर जुलाई, अगस्त तथा सितम्बर माह के दौरान भारत आते हैं । आ. वर्ष 2018-19 के लिए उनका निवास का दर्जा निश्चित कीजिए ।

यदि वे सितम्बर, अक्टूबर तथा नवम्बर माह के दौरान भारत आते हों तो उनके निवास के दर्जा में क्या फर्क पड़ता, बताइए । **14**

**अथवा**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**)

(1) कोई भी पाँच करमुक्त आय की सूची
(2) स्रोत पर कर कटौती (T.D.S.)
(3) कर भार
(4) उत्तम न्यायिक आकलन

(b) निम्न प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प का चयन कीजिए । (कोई भी **चार**) **4**

(1) अग्रिम कर भुगतान की जिम्मेदारी, विगत वर्ष में करदाता की कर की जिम्मेदारी ______ से अधिक हो जाए तब उपस्थित होती है ।
   (a) ₹ 15,000   (b) ₹ 5,000
   (c) ₹ 1,00,000   (d) कोई नहीं

(2) शासकीय कर्मचारी को मिलने वाली पेंशन की रकम______ मानी जाती है ।
   (a) सम्पूर्ण कर मुक्त   (b) सम्पूर्ण कर योग्य
   (c) अशत: कर पात्र   (d) कोई नहीं

(3) भारतीय कंपनी हमेशा भारतीय निवासी मानी जाती है ।
   (a) सही   (b) गलत
   (c) अंशत: सही   (d) कोई नहीं

(4) निर्धारित समय सीमा के पश्चात फाईल किया गया रीटर्न______ माना जाता है ।
   (a) विलम्बित रीटर्न   (b) संशोधित रीटर्न
   (c) दोषपूर्ण रीटर्न   (d) हानि का रीटर्न

(5) निम्न में से कौन सी आय़ कर मुक्त आय मानी जाती है ?
   (a) वेतन   (b) व्यवसाय से लाभ
   (c) कृषि आय   (d) कोई नहीं

(6) परमानेंट एकाउण्ट नम्बर दस अंकों का ______ मिश्रण है ?
   (a) संख्या   (b) मूलाक्षर
   (c) संख्या तथा मूलाक्षर   (d) कोई नहीं

3. (a) श्री राकेश 25 वर्ष 6 माह 29 दिवसों की नौकरी पूर्ण कर ता. 31-3-2018 को एक फर्म से निवृत्त हो रहे हैं तथा ₹ 12 लाख की ग्रेच्युटी की रकम प्राप्त करते हैं । निवृत्ति के माह के पूर्व उनके विगत 10 माह का औसत मासिक वेतन ₹ 60,000 था । निम्न परिस्थितियों में उनकी कर पात्र ग्रेच्युटी की गणना कीजिए । **14**

(1) यदि वे गुजरात राज्य के कर्मचारी हों ।
(2) 1972 का ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम लागू होता है ।
(3) 1972 का ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम लागू नहीं होता है ।

**अथवा**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई **दो**)

(1) वेतन की आय के अन्तर्गत मकान किराया भत्ता

(2) सुसज्जित आवास के मकान का आकलन

(3) मान्य प्रो.फं.

(4) मनोरंजन भत्ता

(b) निम्न प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प का चयन कर दीजिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) विश्वविद्यालय के प्रश्नपत्रों की जाँच के बदले प्रोफेसरों को मिलने वाला पारिश्रमिक______ शीर्षक के अन्तर्गत कर पात्र है ।

(a) वेतन की आय (b) अन्य साधनों से आय

(c) व्यवसाय से आय (d) कोई नहीं

(2) मान्य प्रो. फंड में जमा ब्याज ______ प्र.व. तक कर मुक्त है ।

(a) 9% (b) 10% (c) 11% (d) कोई नहीं

(3) बच्चों का शिक्षण भत्ता मासिक ₹ _____ के हिसाब से अधिक से अधिक दो बालकों तक कर मुक्त है ।

(a) 100 (b) 200 (c) 300 (d) कोई नहीं

(4) मालिक के द्वारा कर्मचारी को ऑफिस कार्य के संपादन हेतु दिया गया लेपटॉप___ माना जाता है ।

(a) कर मुक्त (b) कर पात्र

(c) लेपटाप की सही कीमत (d) कोई नहीं

(5) श्रीमान 'क' एक कंपनी में ता. 1/4/2015 को ₹ 30000 – 1000 – 44000 के वेतनमान पर जुड़े हैं । विगत वर्ष 2017-18 के लिए उनका मूल वेतन ______ रहा था ।

(a) ₹ 4,00,000 (b) ₹ 3,84,000

(c) ₹ 5,84,000 (d) कोई नहीं

4. (a) अर्जुन की निम्नलिखित मकान-मिलकत की जानकारी के आधार पर आ. वर्ष 2018-19 के लिए कर पात्र आय की गणना कीजिए । **14**

मकान निर्माण कार्य पूर्ण होने का समय : 30/09/2017

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | प्राप्त किराया | 18,000 (मासिक) |
| (2) | उचित भाड़ा | 16,875 (मासिक) |
| (3) | म्यु. आकलन | 1,62,000 (वार्षिक) |
| (4) | स्थानीय कर (जिसमें से 50% चालू वर्ष में चुकाया है) | 18,000 (वार्षिक) |
| (5) | मरम्मत खर्च | 6,000 |
| (6) | वसूली खर्च | 750 |
| (7) | लोन का ब्याज (भुगतान बाकी) | 13,500 |
| (8) | निर्माण कार्य के दौरान चुकाया गया पूँजीकृत ब्याज | 15,000 |
| (9) | जमीन महेसूल (वार्षिक) | 1,200 |
| (10) | जमीन भाड़ा (वार्षिक) | 1,338 |
| (11) | लोन का भुगतान | 24,000 |
| (12) | बीमा का प्रीमियम (वार्षिक) | 3,000 |

उपरोक्त मकान निवास के लिए किराये पर दिया गया था । यह मिलकत ता. 1-3-18 से 31-3-18 के दरम्यान खाली पड़ी रही ।

**अथवा**

संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (कोई भी **दो**)

(1) मकान के माने गए मालिक

(2) उधार की पूँजी पर मिलने योग्य ब्याज

(3) प्रामाणिक भाड़ा

(4) निजी निवास का मकान

(b) निम्न प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प का चयन कर दीजिए : (कोई **तीन**) **3**

(1) आलाप एक मकान मिलकत धारक है । जिसमें दो पृथक फ्लेट हैं । प्रत्येक फ्लेट का भाड़ा ₹ 48,000 है । जिसका निर्माण कार्य 2016 में पूर्ण हुआ । दोनों इकाइयों का स्थानीय कर आलाप ने ₹ 36,000 चुकाया । मकान मिलकत से आय शीर्षक के अन्तर्गत कर पात्र आय है ।

(a) ₹ 42,000 (b) ₹ 56,000

(c) ₹ 60,000 (d) कोई नहीं

(2) एक मकान का म्युनिसिपल आंकलन तथा उचित भाड़ा क्रमश: ₹ 1,68,000 तथा ₹ 2,00,000 रहा जिसके मालिक श्रीमान रमेश हैं । यह मकान उन्होंने भाड़े पर नहीं दिया है, साथ ही स्वयं के उपयोग में भी नहीं लिया है (कारण यह कि वे ग्राम के बाहर नौकरी करते हैं) मकान मिलकत शीर्षक के अन्तर्गत कर पात्र आय _____

(a) शून्य (b) ₹ 1,68,000 – स्थानिक कर

(c) ₹ 1,68,000 (d) ₹ 2,00,000

(3) मकान निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात पूँजीकृत ब्याज _____ समान मासिक किश्तों में कटौती के रूप में कटता है ।

(a) 5 (b) 10

(c) 15 (d) कोई नहीं

(4) शुद्ध वार्षिक मूल्य गणना करते समय निम्न में से कौन सा खर्च कटौती में लिया जाता है ?

(a) 30% मानक कटौती (b) जमीन भाड़ा

(c) अग्नि बीमा (d) कोई नहीं

(5) निजी निवास के लिए मकान के पुनर्निर्माण के लिए ता. 1/4/1999 के पश्चात लिए गये ऋण के ब्याज की अधिकतम कितनी रकम कटौती के रूप में मिलती है ?

(a) ₹ 1,00,000 (b) ₹ 2,00,000

(c) ₹ 30,000 (d) कोई नहीं

---